कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/मा–स/विविध–दिवस/2018/418 दिनांक :– 10.12.2020

समस्त संस्था प्रधान
उमावि/मावि/बाउमावि/बामावि

विषय :– विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों हेतु गृहकार्य ।
प्रसंगः– समसंख्यक आदेश दिनांक 18.09.2020 एवं दिनांक 08.12.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक समसंख्यक आदेश दिनांक 18.09.20 द्वारा अध्ययन की निरन्तरता के लिये विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, स्माईल अध्ययन सामग्री, ई–कक्षा डिजीटल सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है तथा इस अध्ययन में उत्पन्न जिज्ञासाओं के समाधान हेतु कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को अभिभावकों की सहमति से विद्यालय में दिनांक : 21.09.2020 से आने की अनुमति प्रदान की गई थी। इसी की निरन्तरता में समसंख्यक परिपत्र दिनांक 08.12.2020 से सत्र 2020–21 के लिए कक्षा 1 से 12 की परीक्षा योजना, पेपर पैटर्न तथा अंक योजना को संशोधित किया गया है। संशोधित अंक योजना अनुसार आन्तरिक मूल्यांकन के अंक का आधार गृहकार्य को बनाया गया है। कक्षा 1 से 5 हेतु स्माइल–2/कार्य–पुस्तिकाओं से गृहकार्य उपलब्ध कराया जा रहा है। कक्षा 9 से 12 के गृहकार्य देने तथा उसे जाँचने के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है :–

- यह गृहकार्य समस्त संस्थाप्रधान (सरकारी एवं गैरसरकारी) सत्र 2020–21 के बकाया कार्यदिवस/समय के अनुरूप नवीन संशोधित पाठ्यक्रम पर आधारित गृहकार्य विषयाध्यापकों के द्वारा अपने स्तर पर तैयार कराया जाएगा। विद्यार्थी द्वारा किये गये गृहकार्य के आधार पर परीक्षा में आन्तरिंक मूल्यांकन के अंक प्रदान किये जाएंगे।
- प्रदत्त गृहकार्य हेतु विद्यार्थी अपनी विषयवार नोटबुक संधारित करेगा, जिसे साप्ताहिक रूप से जांचा जाएगा।
- विषयाध्यापक विद्यार्थी की जिज्ञासा समाधान के अतिरिक्त गृहकार्य देने तथा जांचकार्य भी आवश्यक रूप से करेंगे।
- उक्त गृहकार्य साप्ताहिक हो तथा साप्ताहिक रूप से जाँचा जाए।
- गृहकार्य देते समय इस सत्र हेतु तय किये गये परीक्षा एवं पाठ्यक्रम का ध्यान रखा जाए।
- परिपत्र में प्रस्तावित परीक्षा की संभावित समयावधि को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम को मासिक गृहकार्य में विभाजित कर लिया जाए, जिससे सम्पूर्ण संशोधित पाठ्यक्रम का गृहकार्य को अभ्यास हेतु मिल सके।

- कक्षा– 11 व 12 के जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है उन विषयों के विद्यार्थी, जिज्ञासा समाधान हेतु विद्यालय आने के साथ प्रति सप्ताह एक प्रायोगिक अभ्यास कार्य भी कर सकेंगे।
- संस्था प्रधान एवं विषयाध्यापक पारस्परिक समन्वय से गृहकार्य का विद्यार्थीवार रिकार्ड भी संधारित करेंगे।
- संबंधित ब्लॉक/जिले के अधिकारियों को स्माइल–2 के तहत पर्यवेक्षण हेतु आवंटित विद्यालय के निरीक्षण के समय कक्षा 9 से 12 के गृहकार्य की प्रगति का पर्यवेक्षण भी करेंगे।

बोर्ड/वार्षिक परीक्षा मे आन्तरिक मूल्यांकन का आधार गृहकार्य है अतः सभी संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सभी विषयों को गृहकार्य प्राप्त हो तथा उसे जाँचा जाए। संस्था प्रधान सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नवीन संशोधित पाठ्यक्रम से भी अवगत कराना सुनिश्चित कराएंगे।

(सौरभ स्वामी)
आईएएस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/मा–स/विविध–दिवस/2018/418 दिनांक :– 10.12.2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
5. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
7. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर।
8. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
9. निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग (ई.टी.सैल), राजस्थान, अजमेर।
10. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
11. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा ।
12. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
13. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा ।
14. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
15. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर